an>

Title: Need to formulate a new traffic policy to reduce incidents of increasing road accidents in the country.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) ः सड़क हादसों के चलते भारत को हर साल करीब 3,985 अरब रूपये (38 लाख डालर) यानी कि जी.डी.पी. का 3 प्रतिशत नुकसान उठाना पड़ता है। आज सड़क हादसों (दुर्घटनाओं) से नुकसान के मामलों में भारत केवल जापान से पीछे है तथा जी.डी.पी. के मामले में केवल ईरान से पीछे है जिसे जी.डी.पी. का 6 प्रतिशत नुकसान झेलना पड़ता है। ट्रांसपोर्ट पॉलिसी डेवलपमेंट के प्रमुख पीटर ओ नील के मुताबिक एशिया प्रशांत क्षेत्र में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो जाती है। मतलब हर हफ्ते इसमें 15 हजार लोग मरते हैं। जिसमें दुपहिया वाहनों की संख्या अधिक है। इन हादसों से बचने के लिए हमें सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सुरक्षित सड़कों, सुरक्षित वाहनों तथा तुरंत मदद देने वाले बेहतर क्रैश रेस्पोंडिंग सिस्टम की जरूरत है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि भारत में बढ़ते इन सड़क हादसों को और लोगों की मृत्यु को रोकने के लिए कोई नई ट्रैफिक नीति, नियम बनाए जाए और उन्हें सख्ती के साथ लागू किया जाए।